भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2748

जिसका उत्तर 22.12.2022 को दिया जाना है

आकांक्षी जिलों में सड़क संपर्क

2748. श्री रमेश चन्द्र माझी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ओडिशा सहित देश के आकांक्षी जिलों में राजमार्ग सड़क संपर्क पर ध्यान केंद्रित कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष को दौरान ओडिशा सहित देश के सभी आकांक्षी जिलों में निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की राज्य-वार लंबाई कितनी है;

(ग) क्या इन राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के परिणामस्वरूप सरकार ने आकांक्षी जिलों में कोई आर्थिक विकास नोटिस किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) ओडिशा सहित देश के आकांक्षी जिलों में प्रस्तावित और चल रही राजमार्ग परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है।

ओडिशा राज्य सहित सभी आकांक्षी जिले एनएच नेटवर्क से जुड़े हुए हैं।

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ओडिशा राज्य सहित आकांक्षी जिलों को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी)-वार विवरण संलग्न है।

(ग) राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास देश में आकांक्षी जिलों सहित विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

इसी तरह, बिजली, दूरसंचार, आवास, परिवहन के अन्य साधनों आदि जैसी अन्य बुनियादी सुविधाओं और स्वास्थ्य, शिक्षा आदि जैसे सामाजिक क्षेत्रों के विकास में भी आकांक्षी जिलों सहित ऐसे क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में काफी सुधार हुआ है।

आकांक्षी जिलों में सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में एनएच नेटवर्क के विकास में योगदान के संबंध में कोई विशेष ब्यौरे उपलब्ध नहीं है।

(घ) वर्तमान में ओडिशा राज्य सहित देश में लगभग 1,19,589 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत की कुल 7,485 किलोमीटर लंबाई में 280 एनएच परियोजनाएं आकांक्षी जिलों को जोड़ने के लिए चल रही हैं। इसके अलावा, ऐसे जिलों के लिए ओडिशा समेत देश में लगभग 71,818 करोड़ रुपए की लागत की 112 एनएच परियोजनाओं की पहचान की गई है, जिनकी लंबाई लगभग 2,859 किलोमीटर है।

ओडिशा राज्य में आकांक्षी जिलों को जोड़ने वाले चल रहे और पहचाने गए एनएच कार्यों का विवरण इस प्रकार है: -

रूपए करोड़ में, लंबाई किमी में.					
चल रही परियोजनाएं			**पहचान किये गए कार्य**		
सं.	**लंबाई**	**लागत**	**सं.**	**लंबाई**	**लागत**
18	734	10,065	9	85	1,180

अनुबंध

'आकांक्षी जिलों में सड़क संपर्क' के संबंध में श्री रमेश चन्द्र माझी द्वारा पूछे गए दिनांक 22.12.2022 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 2748 भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

....

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आकांक्षी जिलों को जोड़ने वाले निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी)-वार विवरण :-

					लंबाई किमी.
क्र.सं.	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23 (31.10.2022 तक)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	आंध्र प्रदेश	90	50	25	4
2.	असम	0	79	5	2
3.	बिहार	0	228	104	76
4.	छत्तीसगढ	10	85	84	26
5.	गुजरात	0	24	0	0
6.	हरियाणा	0	0	48	0
7.	हिमाचल प्रदेश	0	20	1 1	0
8.	जम्मू और कश्मीर	0	0	29	13
9.	झारखंड	71	220	235	71
10.	कर्नाटक	0	4	2	2
11.	केरल	0	0	26	8
12.	मध्य प्रदेश	0	33	84	96
13.	महाराष्ट्र	209	271	209	61
14.	मणिपुर	0	0	18	0
15.	मिजोरम	0	0	2	6
16.	नगालैंड	0	6	23	0
17.	ओडिशा	53	209	155	28
18.	पंजाब	0	0	1	0
19.	राजस्थान	10	0	51	3
20.	सिक्किम	3	0	10	1
21.	तमिलनाडु	0	13	15	5
22.	तेलंगाना	0	10	17	18
23.	त्रिपुरा	0	4	22	17
24.	उत्तर प्रदेश	0	91	78	93
25.	उत्तराखंड	0	0	4	13
26.	पश्चिम बंगाल	0	57	34	63
	कुल	**446**	**1,405**	**1,292**	**605**

*****